This question paper contains 8+3 printed pages]

*आपका अनुक्रमांक*..................

**7045**

**B.A. (Hons.)/B.Sc. (Hons.) Math. E**

DISCIPLINE CENTRED/CREDIT COURSE

HINDI LITERATURE

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 50

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**नोट :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी. ए. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जायेगा ।

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

1. (क) भक्तिकाल की प्रमुख शाखाओं का परिचय दीजिए । 4

**अथवा**

'रीतिकाल' के नामकरण पर विचार कीजिए ।

(ख) मध्यकालीन बोध से आप क्या समझते हैं ? 3

**अथवा**

आधुनिक-बोध मध्यकालीन बोध से किस प्रकार भिन्न है ?

(ग) भारतेन्दुयुगीन कविताओं पर नवजागरण का प्रभाव स्पष्ट कीजिये । 3

**अथवा**

हिन्दी साहित्य में नवजागरण के विकास की दिशा पर प्रकाश डालिये ।

2. (क) 'अशोक की चिंता' कविता की मल संवेदना पर विचार कीजिये । 7

**अथवा**

'शांतिपाठ' कविता का भाव स्पष्ट कीजिये ।

(ख) किन्हीं दो पद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4+4

(I) ''हुंकारों से महलों की नींव उखड़ जाती,

साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है,

जनता की रोके राह, समय में ताव कहाँ ?

वह जिधर चाहती, काल उधर ही मुड़ता है ।''

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का नाम और कविता का शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) जनता की रोके राह, समय में ताव कहाँ? पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) 'हुंकार' शब्द का अर्थ लिखिए ।

(2) "नंगे-बूचे नरकंकाल

सिंहासन पर बैठा, उनके

तमगे कौन लगाता है ।

कौन-कौन है वह जन-गण-मन

अधिनायक वह महाबली

डरा हुआ मन बेमन जिसका

बाजा रोज बजाता है ।"

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार और रचना का नाम लिखिए ।

(*ii*) उपर्युक्त पंक्तियों में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिये ।

(*iii*) 'अधिनायक' शब्द का अर्थ लिखिए ।

(3) ''अबे, सुन बे, गुलाब,

भूल मत जो पायी खुशबू, रंगोआब,

खून चूसा खाद का तूने अशिष्ट

डाल पर इतराता है केपीटलिस्ट ।''

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) 'खून चूसा खाद का तूने अशिष्ट' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) उपर्युक्त पंक्तियों में किस विचार पर बल दिया गया है ?

3. (क) 'बिबिया' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए । 7

**अथवा**

'पार्टीशन' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिये ।

(ख) किन्हीं **दो** गद्यांशों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4+4

(I) चुपचाप सब तैयार हो गए । बोधा भी कंबल उतारकर चलने लगा, तब लहनासिंह ने उसे रोका । लहनासिंह आगे हुआ तो बोधा के बाप सूबेदार ने उँगली से बोधा की ओर इशारा किया । लहनासिंह समझकर चुप हो गया । पीछे दस आदमी कौन रहें, इस पर बड़ी हुज्जत हुई । कोई रहना न चाहता था । समझा-बुझाकर सूबेदार ने मार्च किया । लपटन साहब लहना की सिगड़ी के पास मुँह फेरकर खड़े हो गए और जेब से सिगरेट निकालकर सुलगाने लगे । दस मिनट बाद उन्होंने

लहना की ओर हाथ बढ़ाकर कहा, "लो तुम भी पियो।"

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) 'लहनासिंह' कौन था ?

(*iii*) उपर्युक्त पंक्तियों में सैनिकों के किस भाव की ओर संकेत किया गया है ?

(2) चोरी और सीनाजोरी ! देवीजी दाँत पीसकर रह गईं । मारतीं, तो उसी दम स्नान करना पड़ता । छड़ी तो हाथ में लेनी ही पड़ती और छूत का विद्युत प्रवाह इस छड़ी के रास्ते उनकी देह में पैवस्त हो जाता, इसलिए जहाँ तक गालियाँ दे सकीं, दीं और हुक्म दिया कि अभी-अभी यहाँ

से निकल जा । फिर भी जो इस द्वार पर तेरी सूरत नजर आई, तो खून ही पी जाऊँगी । मुफ्त की रोटियाँ खा-खाकर शरारत सूझती है, आदि ।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) 'छूत का विद्युत प्रवाह इस छड़ी के रास्ते उनकी देह में पैवस्त हो जाता' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिये ।

(*iii*) 'चोरी और सीनाजोरी !' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(3) घर फूँकने का अर्थ है धन और मान का मोह त्याग देना, भूत और भविष्य की चिन्ता छोड़ देना और सत्य के सामने सीधे खड़े होने में जो कुछ भी बाधा हो, उसे निर्ममतापूर्वक ध्वंस कर

देना । पर सत्यों का सत्य यह है कि लोग कबीरदास के साथ चलने की प्रतिज्ञा करने के बाद भी घर नहीं फूँक सके । मठ बने, मन्दिर बने, प्रचार के साधनों के आविष्कार किये गये और उनकी महिमा बताने के लिए अनेक पोथियाँ रची गयीं ! इस बात का बराबर प्रयत्न होता रहा कि अपने इर्द-गिर्द के समाज में कोई यह न कह सके कि इनका अमुक कार्य सामाजिक दृष्टि से अनुचित है ।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) उपर्युक्त पंक्तियों में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिये ।

(*iii*) 'घर फूँकने' से लेखक का क्या तात्पर्य है।

4. (क) किसी **एक** उपन्यास से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

(i) कमलिनी मुम्बई क्यों आई ?

(ii) कर्नल साहब ने ऑटोग्राफ बुक क्यों फाड़ी ?

(iii) डी.डी. की वजह से ज़ब चाय बेबी पर गिरती है तब क्या होता है ?

**अथवा**

(i) रंगनाथ शिवपाल गंज क्यों आया था ?

(ii) वैद्य कौन थे ? वे क्या कार्य करते थे ?

(iii) वेला किससे प्रेम करती थी ?

(ख) किसी **एक** नाटक से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

(i) गालव कौन था ?

(ii) माधवी को क्या वरदान प्राप्त था ?

(iii) महाराज ययाति किस बात के लिए प्रसिद्ध थे?

**अथवा**

(i) कैप्टन कपूर कौन थे ?

(ii) रामचन्दर का स्वभाव कैसा था ?

(iii) नाटक 'कोर्ट मार्शल' का प्रमुख पात्र कौन है ?

उसके चरित्र की **दो** विशेषताएँ लिखिए ।